माननीय राज्यपाल महोदय का रेडक्रास समिति उत्तराखण्ड की 17वीं आम सभा बैठक मे अध्यक्षीय संबोधन

27 अप्रैल 2022

भारतीय रेडक्रास समिति राज्य शाखा उत्तराखण्ड की 17वीं आम सभा बैठक मे उपस्थित समिति के उपाध्यक्ष एवं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. धनसिंह रावत जी, चेयरमैन रेडक्रास उत्तराखण्ड और यहाँ उपस्थित जनपद रेडक्रास के पदाधिकारी!

आप सभी के बीच आज की इस बैठक में, राज्य में संचालित रेडक्रास गतिविधियों के विषय में, जानकारी प्राप्त करते हुए मुझे खुशी हुई है, कि समिति अपने उद्देश्यों के अनुरूप, निरंतर कार्य कर रही है, तथा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के अनुरूप आगे बढ़ रही है।

रेडक्रास शब्द से ही मन में सेवा की भावना, दीन दुखियों की सेवा करने का भाव आता है। रेडक्रास का गठन दीन दुखियों, जरुरतमंदों एवं मानवता की सेवा के लिए ही हुआ है। हम सभी को मिलकर और पूर्ण मनोयोग से मानवीय सेवा के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

आप सभी जानते हैं कि आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य उत्तराखण्ड, यहाँ मानसून के दौरान बादल फटने, त्वरित बाढ, भूस्खलन आदि के कारण जान–माल की क्षति होती रही

हैं। रेडक्रास के स्वयंसेवकों के द्वारा, आपदा प्रभावितों की मदद, एवं उन तक राहत सामग्री पहुंचाई जाती रही है। राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली से प्राप्त होने वाले राहत सामग्री का भण्डारण ठीक से हो सके, इसके लिए बहुउददेशीय भण्डारगृह का निमार्ण भारतीय रेडक्रास समिति राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के सहयोग से हो रहा है तथा भारतीय रेडक्रास समिति राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा, उत्तराखण्ड को 01 एम्बुलेंस भी प्रदान की गयी है, जो कि जनपदीय रेडक्रास समिति बागेश्वर द्वारा संचालित की जा रही है, मैं, रेडक्रास राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली का, भण्डारगृह निमार्ण एवं एम्बुलेंस प्रदान करने के लिए आभार प्रकट करता हूँ।

रेडक्रास राज्य शाखा एवं जनपदीय शाखाओं द्वारा कोरोना वायरस (कोविड–19) के संक्रमण से बचाव हेतु, आम जन मानस के उपयोग के लिए मास्क वितरण, सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करने एवं समय समय पर हाथ धोने आदि सावधानियों के लिए जनसमूह को जागरूक किया एवं जरूरतमंदों को राहत सामग्री प्रदान की, तथा आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान किया। राज्य के सभी रेडक्रास स्वयंसेवक बधाई के पात्र हैं।

रेडक्रास के साथ अधिक से अधिक लोग, महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्रायें जुड़ें, जनपदों में जूनियर एवं यूथ

रेडक्रास गठन पर जोर दिया जाय, जिससे छात्र छात्राओ के मन में बचपन से ही जरुरतमंदों की मदद करने एवं सेवा की भावना से कार्य करने की ललक पैदा हो सके, तथा उच्च शिक्षा में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र को रेडक्रास से जोड़ें। रेडक्रास एवं आपदा प्रबंधन विभाग मिलकर राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्रों को ”फर्स्टएड् एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण रोड़ सेफ्टी आदि प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि आवश्कता पड़ने पर स्वयं सेवकों का उपयोग हो सके।

भारतीय रेडक्रास समिति उत्तराखण्ड द्वारा तैयार किये गये यूथ रेडक्रास गाइड लाइन के अनुसार समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में यूथ रेडक्रास का गठन हो, रेडक्रास स्वयं सेवक बागेश्वर द्वारा जो रेडक्रास गीत बनाया है उससे मानवता की सेवा का भाव दिल को स्पर्श कर रहा है, राज्य एवं जनपद स्तर पर जूनियर यूथ रेडक्रास कार्यक्रमों का शुभारम्भ इस गीत से किया जाय।

आप सभी से अपेक्षा है कि रेडक्रास के साथ अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर रेडक्रास की मूल भावना को समझते हुए मानवता के कार्यों में सहयोग करें। पीड़ित दीन दुखियों एवं असहाय लोगों के सुख दुख के साथी बनें एवं बेहतर समाज निमार्ण में योगदान दें।

जय हिन्द!